**कार्यालय : वन प्रमण्डल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल, चतरा।**
**वन भवन, चतरा — 825401**
E-mail : dfo-chatrasouth@gov.in Phone : 8987790213

**पत्रांक :** 2107 **दिनांक :** 23/10/2024

**सेवा में,**

परियोजना पदाधिकारी,
मगध रेलवे साइडिंग, सी0सी0एल0, टण्डवा।

**विषयः—** टण्डवा प्रखण्ड अन्तर्गत मगध रेलवे साईडिंग निर्माण हेतु कुल 121.29 हे0 (चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल 17.01 हे0 एवं लातेहार प्रमंडल 104.28 हे0) वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

**प्रसंग :—** इस कार्यालय का ज्ञापांक 1926 दिनांक 24.09.2024 एवं आपका पत्रांक 2687 दिनांक 30.09.2024

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयक के संबंध में सूचित करना है कि इस कार्यालय का ज्ञापांक 1926 दिनांक 24.09.2024 के आलोक में पृच्छा का निराकरण कर संशोधित प्रस्ताव समर्पित किया गया है। इस संबंध में सूचित करना है कि वर्त्तमान में वन (संरक्षण एवं संवर्द्धन) नियमावली, 2023 के अध्याय—2 के उपखण्ड 2.2 में निर्गत दिशा—निर्देश के अनुसार गैर—वानिकी कार्यों के लिए अपयोजित होने वाले वनभूमि के बदले में क्षतिपूरक वनरोपण हेतु सभी प्रकार के प्रयोक्ता अभिकरणों (सरकारी एवं निजी उपक्रम) को अपयोजित होने वाली वनभूमि के क्षेत्रफल के बराबर क्षतिपूरक वनरोपण हेतु गैर—वनभूमि उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है।

अतः प्रस्ताव परिवेश पोर्टल पर पुनः आपको वापस करते हुए अनुरोध है कि अपयोजित होने वाली वनभूमि के क्षेत्रफल के बराबर क्षतिपूरक वनरोपण हेतु गैर—वनभूमि उपलब्ध कराने के संबंध में अग्रेतर कार्रवाई की जाय तथा संशोधित प्रस्ताव समर्पित की जाय।

आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विश्वासभाजन,
(signature) 23/10/2024
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल, चतरा।